हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 199 देहरादून, बुधवार, 31 जनवरी, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



पंचायती राज विभाग के कार्मिकों के लिए केडिट कार्ड बनेंगे : महाराज 3

# देहरादून से पिथौरागढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू, सीएम धामी ने किया शुभारंभ

## उत्तराखंड धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण राज्य है : सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 31 जनवरी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनी सैनी एयरपोर्ट से पिथौरागढ़-देहरादून हवाई सेवा का शुभारंभ किया व स्वयं भी हवाई जहाज में बैठकर देहरादून रवाना हुए। मुख्यमंत्री ने इस हवाई सेवा प्रारंभ होने पर सभी को बधाई दी उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा उत्तराखंड धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण राज्य है। यहां पर धार्मिक पर्यटन व प्राकृतिक पर्यटकों का आना-जाना सहजता से हो, इसके लिए हवाई सेवा अति आवश्यक है। पहले पिथौरागढ़ से देहरादून, दिल्ली जाने में 17 घंटे लगते थे। मोदी जी के प्रयास से ऑल वेदर सड़क बनने से देहरादून, दिल्ली 11 घंटे लगते हैं, सीमांत जिले में हवाई सेवा प्रारंभ होने के बाद 1 घंटे में देहरादून पहुंच सकते हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है, इसके लिए नये टर्मिनल का निर्माण किया जा रहा है। पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा ओएलएस सर्वे कर लिया गया है। पहले जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देहरादून-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ के मध्य हेली सेवा की शुरूआत की गई थी, इसको भी नियमित करने की सरकार की योजना है। निकट भविष्य में चिन्यालीसौड़ व गौचर से छोटे एयर क्राफ्ट की सेवाओं को शामिल करने के संबंध में भी कार्य किये जा रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन करने के बाद आदि कैलाश और जागेश्वर धाम में पर्यटकों को संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। प्रधानमंत्री उत्तराखंड के पर्यटक स्थलों को देश विदेश में नई पहचान दिला रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह हवाई सेवा जनपद पिथौरागढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सेवा अभी सप्ताह में तीन दिन के लिए शुरू हुई है, बाद में इसे 05 दिन किया जायेगा। आने वाले समय में पिथौराग़ढ़ से हिंडन के लिए हवाई सेवा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से अनुरोध किया।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार विकास के लिए हर संभव निरंतर प्रयास के लिए कटिबध है। उन्होंने कहा उत्तराखंड देवभूमि है, व उत्तर भारत का प्रवेश द्वार है उत्तराखंड से मेरा हृदय से जुड़ाव है। मेरे 5 वर्ष उत्तराखंड में ही बीते हैं। उन्होंने कहा कुमाऊं और गढ़वाल दोनों विमान सेवा से जुड़े रहे हैं, यह हमारे लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि अभी 19 सीटर जहाज संचालित किया जा रहा है। जो सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को चलाई जा रही है, 1 घंटे में पिथौरागढ़ से देहरादून पहुंच जाएगा। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य में किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

सांसद अजय टम्टा ने कहा आज ऐतिहासिक दिन है उन्होंने पिथौरागढ़ से देहरादून हवाई सेवा प्रारंभ होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री नागरिक उड्डयन के विशेष प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आने वाले समय में पिथौरागढ़ से देहरादून 3 दिन बढ़कर 5 दिन हवाई सेवा बढ़ाने व पिथौरागढ़ से दिल्ली को हवाई सेवा से जोड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सचिव शैलेश बगौली ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए हवाई सेवा प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वह नागरिक उड्डयन मंत्री का आभार व्यक्त किया।





कार्यक्रम में राज्य मंत्री गणेश भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, विधायक पिथौरागढ़ मयूख महर, पूर्व विधायक चंद्रा पंत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष गिरीश जोशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंद्रर लूंठी, जिलाधिकारी रीना जोशी, मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, अपर जिलाधिकारी डा एस के वरनवाल, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशीष कुमार मिश्रा फ्लाइविंग के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद थे।

# उत्तराखंड : इन जिलों में होगी बारिश-बर्फबारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 31 जनवरी : उत्तराखंड में बारिश का इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। मौसम विभाग की ओर से आंशिक बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी के आसार जताए गए हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं वर्षा-बर्फबारी हो सकती है। इसके साथ ही ठंड का प्रकोप और बढ़ जाएगा। बीते दिन देहरादून में आसमान में बादल मंडरा रहे थे, लेकिन मौसम साफ रहा। हालांकि अब अगले कुछ दिन मौसम का मिजाज बदला-बदला रह सकता है।



उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी का दौर शुरू होने का अनुमान है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में कहीं-कहीं वर्षा-बर्फबारी हो सकती है। 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात हो सकता है। कहीं-कहीं तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। और प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि देहरादून समेत पौड़ी, नैनीताल, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ इलाकों में सुबह के समय हल्का कोहरा छाने की संभावना है। 31 जनवरी को प्रदेश भर में गर्जन और बिजली चमकने के साथ बारिश होने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के बढ़ने से बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इससे तापमान पर भी असर पड़ेगा।

# उत्तराखंड की पहली महिला मुख्य सचिव होंगी आईएएस राधा रतूड़ी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 31 जनवरी : उत्तराखंड का अगला मुख्य सचिव कौन होगा, इस सवाल का जवाब मिल गया है। प्रदेश के ब्यूरोक्रेसी की नई बॉस सीनियर आईएएस अफसर राधा रतूड़ी होंगी। वह प्रदेश की पहली महिला मुख्य सचिव के तौर पर पदभार संभालेंगी। काफी कयासों और चर्चाओं के बाद आखिरकार राधा रतूड़ी के नाम की घोषणा हो गई है। वर्तमान में मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी एसएस संधू के पास है, वह 31 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं। उनके बाद वरिष्ठ आईएएस राधा रतूड़ी उत्तराखंड के मुख्य सचिव की कुर्सी संभालेंगी। राधा रतूड़ी उत्तराखंड में सबसे सीनियर आईएएस अधिकारी हैं। वह इस समय अपर मुख्य सचिव हैं। राधा रतूड़ी की जीवन शैली बेहद सादगी भरी दिखाई देती है। मधुर व्यवहार के साथ मिलनसार और साफ छवि वाली राधा रतूड़ी को सरकार ने उनके रिटायरमेंट से कुछ महीने पहले ही इस जिम्मेदारी को देने का फैसला किया है। राज्य में कई जिलों के जिलाधिकारी



के तौर पर उन्होंने अपना दायित्व निभाया है। महिला एवं सशक्तिकरण विभाग को उन्होंने लंबे समय तक देखा है। महिलाओं के विकास को लेकर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी गंभीरता भी दिखाई दी है। राधा रतूड़ी 1988 बैच की IAS अधिकारी हैं। वर्तमान में राधा रतूड़ी मुख्यमंत्री धामी के अपर मुख्य सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रही हैं। IAS राधा रतूड़ी के पति आईपीएस अनिल रतूड़ी हैं। अनिल रतूड़ी उत्तराखंड में पुलिस महानिदेशक की जिम्मेदारी से रिटायर हुए हैं।

# डिप्रेशन की स्थिति में इस तरह से रखे अपना ख्याल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 जनवरी : डिप्रेशन यानी अवसाद की समस्या आज बेहद आम है। कई बार अवसाद हम पर कुछ इस तरह हावी हो जाता है कि मन में आत्महत्या तक के विचार घर कर जाते हैं। लेकिन अगर शुरुआत में ही डिप्रेशन के लक्षणों को पहचानकर आप इन्हें दूर करने का प्रयास करें तो बिना किसी डॉक्टरी उपचार के आप डिप्रेशन से छुटकारा पा सकते हैं।सबसे पहले डिप्रेशन दूर करने के लिए आठ घंटे की नींद लें। नींद पूरी होगी तो दिमाग तरोताजा होगा और नकारात्मक भाव मन में कम आएंगे।प्रतिदिन सूरज की रोशनी में कुछ देर जरूर रहें। इससे अवसाद जल्दी हटेगा।बाहर टहलने जाएं। रोज बाहर टहलें, कभी-कभी कॉफी शॉप में कुछ समय बिताएं या बाहर खाना खाने जाएं। इससे मन में उत्साह बना रहेगा।अपने काम का पूरा हिसाब रखें। दिन भर में आप कितना काम करते हैं और किस गतिविधि को कितना समय देते हैं इस पर जरूर गौर करें। इससे आपको सभी गतिविधियों के बीच संतुलन बनाने में आसानी होगी और तनाव कम होगा।ध्यान व योग को दिनचर्या में शामिल करें।

क्या आपको बहुत ज्यादा गुस्सा आता है? छोटी-छोटी बातों पर आपको गुस्सा आता है या फिर एक बार गुस्सा आ जाए तो खुद को शांत करना आपके बस में ही नहीं होता? अगर आप गुस्से पर नियंत्रण से संबंधित किसी भी समस्या से जूझ रहे हैं तो जरा इन उपायों पर गौर करें एक बार जब आपने अपने गुस्से पर थोड़ा नियंत्रण कर लिया तो शांत दिमाग से सोचें कि मुद्दा क्या था, गलती किसकी थी और अब आगे क्या करना है। इससे फायदा यह होगा कि आपको पूरे मामले में अपनी गलती भी समझ में आ जाएगी।अब आप अपनी बात सामने वाले के आगे सौम्यता से रखें। अगर कहीं आपकी गलती है तो सबसे पहले माफी मांग लें जिससे आपको अपनी बात कहने में संकोच न हो। इस तरह किसी भी परिस्थिति में क्रोध पर नियंत्रण पाने के इस उपाय पर हमेशा अमल करने से धीरे-धीरे आपका गुस्सा खुद ही कम होने लगेगा।




# कड़ाके की ठंड में भी 'गर्म' रहती है भारत की ये जगह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 जनवरी : सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है, ऐसे में अगर आप किसी ऐसी जगह की तलाश कर रहे हैं, जहां जाकर आपको गर्मी का एहसास हो, तो तैयार कर लीजिए. आज हम आपको ऐसी ही कुछ जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं. वैसे तो मुंबई और दक्षिण के राज्यों में कई जगह ज्यादा ठंड नहीं होती. लेकिन अगर आप दिल्ली, यूपी, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश जैसे इलाकों में रहते हैं तो यह आपके लिए शानदार अवसर है।अगर आप जानना चाहते हैं कि केरल की संस्कृति कैसी है, तो आपको एक बार कोवलम का दौरा जरूर करना चाहिए. यह जनवरी में यात्रा करने के लिए सबसे गर्म स्थानों में से एक है।

कोवलम मुख्य रूप से अपने समुद्र तट के लिए लोकप्रिय है, जिसे देखने के लिए यहां भारी संख्या में पर्यटक आते हैं. यहां आपको वाटर स्पोर्ट्स के भरपूर विकल्प मिलेंगे. आप यहां आयुर्वेदिक स्पा में भी जा सकते है गुजरात का कच्छ- अगर दिसंबर जनवरी में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो एक बार गुजरात के कच्छ जाएं. यहां कई महीनों तक उत्सव चलता है और दुनियाभर से सैलानी घूमने के लिए आते हैं. नवंबर से फरवरी तक यहां टूरिस्ट सीजन रहता है. इस जगह आप ऊंट की सवारी कर सकते हैं और स्वादिष्ट फूड का मजा ले सकते हैं. कड़ाके की ठंड वाले दिसंबर में कच्छ के रण का तापमान 27 से 30 डिग्री तक रहता है कर्नाटक का कुर्ग सर्दियों में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगह है. इसे भारत का स्कॉटलैंड भी कहते हैं. नवंबर से फरवरी तक ठंड के दिनों में यहां का तापमान अन्य इलाकों की तुलना में ज्यादा होता है।

यहां आपको हरी-भरी वादियां, चाय के बागान, कॉफी के पेड़ देखने को मिल जाएंगे. यहां की हरियाली आपका मन मोह लेगी राजस्थान को गर्म प्रदेश कहा जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि सर्दियों के दिनों में राजस्थान का जैसलमेर घूमने के लिए सर्वश्रेष्ठ जगह में से एक है. क्योंकि यहां का तापमान उस वक्त 12 से 25 डिग्री सेल्सियस तक रहता है. गोल्डन सिटी के नाम से मशहूर जैसलमेर में फेमस झीलें, हवेली, जैन मंदिर आपका मन मोह लेंगे. यहां जाकर आपको लगेगा कि किसी खूबसूरत मेले में आप आ गए हों युवाओं को अगर कहीं घूमने का प्लान बनाना है तो सबसे पहले दिमाग में गोवा का आइडिया आता है. क्योंकि यह जगह जन्नत से कम नहीं. ठंड के दिनों में भी यहां का तापमान गर्माहट का एहसास कराता है. यहां के समुद्री बीच पर पानी के साथ खेल सकते हैं. लहरों का लुत्फ उठा सकते हैं. यहां का लजीज खाना भी आपको खासा पसंद आएगा.



# इस ट्रेन में नहीं लगता किराया, इन यात्रियों के लिए है विशेष सुविधा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 31 जनवरी : भारतीय रेलवे की गिनती दुनिया के चौथे सबसे बड़े नेटवर्क के तौर पर होती है. भारतीय रेल में रोजाना करीब 2 करोड़ 30 लाख लोग रोजाना सफर करते है, जितनी ऑस्ट्रेलिया की जनसंख्या है. आपने भी ट्रेन में सफर जरूर किया होगा. कई बार तो लोग बिना टिकट ही इसमें चढ़ जाते हैं और जुर्माने के डर से टीटीई से छिपते दिखाई देते हैं. लेकिन क्या आपको मालूम है कि भारत में एक ऐसी ट्रेन भी चलती है, जिसमें न ही कोई टिकट लगती है और न ही इसमें कोई टीटीई रहता है. सुनकर चौंक गए ना, लेकिन यह एकदम सही है. आजादी के बाद से यहां ट्रेन से लोग मुफ्त में सफर करते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में...

सबसे पहले बात करते हैं इस ट्रेन की,जिसका नाम है भाखड़ा-नांगल ट्रेन. जिसमें सफर के लिए कोई किराया नहीं लिया जाता है. इसका संचालन साल 1949 से किया जा रहा है, जिसका लाभ आस-पास के गांव के लोग उठा रहे हैं. बता दें कि इस ट्रेन को पंजाब के नांगल से भाखड़ा तक चलाया जाता है. जिसका संचालन का जिम्मा भाखड़ा ब्यास बोर्ड के पास है. यह ट्रेन सतलज नदी और शिवालिक पहाड़ियों से होते हुए करीब 13 किलोमीटर



चलती है,जिसको देखने के लिए दूर-दूर से सैलानी आते हैं।

आमतौर पर देखने को मिलता है कि बिना टिकट यात्रा करने पर लोग टीटीई से बचते दिखाई देते हैं. लेकिन इसमें कोई टीटीई नहीं रहता है. इस ट्रेन की खास बात यह है कि इस ट्रेन के डिब्बे लकड़ी के बने हुए हैं. पहले इसको स्टीम इंजन से चलाया जाता था, लेकिन अब इसे डीजल इंजन से चलाया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक यह ट्रेन दिन में दो बार अप-डाउन करती है. भाखड़ा और नांगल के बीच की दूरी तय करने में करीब 1 घंटे का समय लगता है. पहले इसमें 10 कोच हुआ करते थे लेकिन अब इसमें 3 कोच होते हैं।

# 1 फरवरी से बदलने वाले है ये नियम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट 31 जनवरी : हर महीने की पहली तारीख को बहुत सारे बदलाव होते हैं। जिनके बारे में लोगों को बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। चलिए विस्तार से जानते हैं इस बारे में। पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) ने नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के तहत पेंशन निकासी के नियमों में 12 जनवरी को बदलाव किया था। जो कि एक फरवरी 2024 से लागू होंगे। नए नियम के तहत NPS अकाउंट होल्डर अपने पेंशन खाते के कंट्रीब्यूशन का 25% तक निकाल सकते हैं।

फंड ट्रांसफर का नियम , अब आपको अगर किसी को पैसा तुरंत ट्रांसफर करना हो तो आप एक फरवरी से बिना बेनिफिशरी का नाम जोड़े सीधे बैंक अकाउंट में 5 लाख तक का पैसा ट्रांसफर कर सकते हैं वो भी एक मिनट में, इसके लिए आपको बस बेनिफिशरी का फोन नंबर और अकाउंट नंबर ऐड करना होगा।हर महीने की पहली तारीख को CNG और PNG के रेट अपडेट किए जाते हैं इसलिए उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी नए रेट जारी होंगे। तो वहीं मई 2022 से देश में पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस बार पेट्रोल के रेट को लेकर बड़ा ऐलान हो सकता है।हर महीने की पहली तारीख को LPG के दाम भी अपडेट किए जाते हैं। नए साल के पहले दिन 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम हुए थे।

कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1.50 रुपये से लेकर 4.50 रुपये तक सस्ता हुई थी। हालांकि घरेलू 14 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था, उम्मीद की जा रही है कि इस बार भी ये चेंज हो सकता है।गूगल बल्क ईमेल भेजने के लिए प्रमाणीकरण के नियम में बदलाव करने जा रहा है, जो कि एक फरवरी से लागू हो जाएगा। इसके तहत अब 5000 मेल को एक साथ भेजना संभव नहीं होगा।

# पंचायती राज विभाग के कार्मिकों के लिए क्रेडिट कार्ड बनेंगे : महाराज

## समीक्षा बैठक में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत आवंटित धनराशि के व्यय पर जोर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 31 जनवरी : पंचायती राज मंत्री, सतपाल महाराज द्वारा निदेशालय पंचायती राज में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री, सतपाल महाराज द्वारा मंगलवार को पंचायती राज निदेशालय में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय बढ़ाए जाने के कड़े निर्देश दिए।

पंचायती राज मंत्री महाराज द्वारा पंचायती राज विभाग के ढांचे के पुनर्गठन की अद्यतन स्थिति पर निदेशक पंचायती राज द्वारा अवगत कराया गया कि विभागीय ढांचे के पुनर्गठन का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जा चुका है तथा वर्तमान में शासन स्तर से कार्यवाही चल रही है। महाराज ने पी०डी०आई डाटा एकत्रीकरण में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न होने पर जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायती राज विभाग के कार्मिकों के लिए क्रेडिट कार्ड बनाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी।पंचायती राज मंत्री द्वारा भारत सरकार के माध्यम से पंचायत भवन निर्माण हेतु आवंटित रू० 10 लाख को बढ़ाकर रू० 20 लाख किए जाने के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी। इसके अलावा 29 विषयों को पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी तथा आगामी विभानसभा में संकल्प पत्र लाये जाने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक के पश्चात पंचायती राज मंत्री महाराज बताया कि विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत लगभग 40 हजार जन प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कराया जा चुका है एवं कुल 450 जनप्रतिनिधियों को एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत अन्य राज्यों की ऐसी पंचायतों जिनके द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं में भ्रमण कराया जा चुका है तथा शीघ्र ही अन्य प्रतिनिधियों का भी एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा जिससे वे अन्य राज्यों में किए गए अच्छे कार्यों को अपनी पंचायतों में कराएं।

बैठक में पंचायतीराज विभाग की निदेशक निधि यादव, मुख्य वित्त अधिकारी शशि सिंह, संयुक्त निदेशक राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक प्रभारी, हिमाली जोशी पेटवाल, उप निदेशक मनोज कुमार तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, निदेशालय पंचायती राज पूनम पाठक सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानकों के अनुरूप कार्य न करने पर कंपनियों को ब्लैक लिस्ट : मंत्री गणेश जोशी



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 31 जनवरी : सुबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने जनपद देहरादून के रायपुर ब्लॉक में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में बरती गई अनियमितता प्रकरण में विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने मामले में महानिदेशक कृषि एवं उद्यान को निर्देश दिये गये कि सूक्ष्म सिंचाई के लिए जिन पंजीकृत फर्मों द्वारा रायपुर विकासखण्ड के कृषकों को सूक्ष्म सिंचाई सामग्री का वितरण मानकों के अनुसार नहीं किया गया है।

उन फर्मों को अतिशीघ्र ब्लैक लिस्ट (काली सूची) में डालने के आदेश दिए गए है, कृषि मंत्री ने कहा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## साढे तीन लाख से अधिक के गांजे के साथ 03 तस्कर गिरफ्तार

अल्मोड़ा। सल्ट पुलिस ने साढे तीन लाख कीमत के 23.600 किलोग्राम गांजे के साथ 03 तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी देवेन्द्र पींचा द्वारा ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने के उद्देश्य से जनपद पुलिस को नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्राधिकारी विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में सोमवार को थानाध्यक्ष सल्ट अजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा औचक चेकिंग के दौरान झिमार तिराहा, सल्ट के पास 03 अभियुक्तों अमन(18 वर्ष) के कब्जे से 7.600 किलोग्राम, गौरव कुमार (19 वर्ष) के कब्जे से 7.900 किलोग्राम व अभियुक्त अजय कुमार(27 वर्ष) के कब्जे से 8.100 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना सल्ट में अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त निवासी निजामगढ़, पतरामपुर, उधम सिंह नगर के रहने वाले हैं। बरामद गांजे की कीमत 3,54,000 रुपये आंकी गई है।

# दिन में साधु बनकर करते थे रेकी, रात को चोरी कर हो जाते थे फरार, 5 आरोपी गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 31 जनवरी : हमारी संस्कृति में साधु-संतों के सम्मान की परंपरा रही है, लेकिन देहरादून में एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने लोगों के होश उड़ा दिए हैं। लोग एक-दूसरे को साधु-संतों से सावधान रहने की सलाह देने लगे हैं। दरअसल यहां डोईवाला में पुलिस ने 5 चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी दिन के वक्त साधु का वेश धारण कर घर की रेकी करते थे।

जिसके बाद मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के कब्जे से 5 लाख रुपये की कीमत के आभूषण बरामद किए गए हैं। सभी आरोपी सपेरा जाति के हैं। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पूरा मामला भी बताते हैं। 18 नवंबर 2023 को रानीपोखरी में सुमन प्रकाश नाम के व्यक्ति ने घर से नकदी और सोने चांदी के जेवरात चोरी होने को लेकर पुलिस में तहरीर दी थी। फिर 4 जनवरी 2023 को फिर से ऐसी ही घटना सामने आई। इससे पहले हरीश मोहन डबराल द्वारा 1 अक्टूबर 23 को तरली जोली सेन चौकी में शिकायत की गई थी कि उनके घर से 30 नवंबर की रात को अज्ञात चोरों ने अलमारी के लॉकर को तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ किया है। एक के बाद एक कई मामले सामने आने के बाद आरोपियों की धरपकड़ के लिए सत्यापन अभियान चलाया गया, सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए गए। इसी कड़ी में 28 जनवरी को जौलीग्रांट एयरपोर्ट के पास भुइयां मंदिर के नजदीक मुखबिर की सूचना पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच लोग पकड़े गए। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की बात कबूली है। दो आरोपी पथरी, हरिद्वार और तीन आरोपी सपेरा बस्ती, भानियावाला के रहने वाले हैं। यह आरोपी दिन में विभिन्न स्थानों पर घूमकर पहले के वेश में विभिन्न स्थानों पर घूमकर पहले घरों में रेकी का काम करते थे और मौका पाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। आरोपियों ने अपना नाम रोहित उर्फ पीलिया, अजय, नौशाद , रचित और अल बक्श बताया है। उनके पास से नकली तमंचा, सोने के कड़े, मंगलसूत्र, अंगूठी, गले की चेन समेत कई जेवरों के अलावा 8540 रुपये की नगदी बरामद की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया

हरिद्वार। गिरवर नाथ जनकल्याण धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से गऊघाट पर गरीब, नेत्रहीन और दिव्यांगजनों को 201 कंबलों को वितरण किया गया। हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और उन्होंने कंबल बांटे। कौशिक ने कहा कि धर्मार्थ ट्रस्ट कई सालों से जनसेवा के कार्य कर रहा है और इनसे सीख लेकर अन्य संगठनों को भी आगे आकर ऐसे कार्य करने चाहिए। ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल खडक्का ने बताया कि ट्रस्ट से जुड़े लोग कई सालों से जनसेवा का कार्य कर रहे हैं। समय-समय पर उनके द्वारा स्कूल-कॉलेजों में पाठ्य सामग्री, कन्याओं का विवाह और असहाय लोगों की मदद करने का कार्य किया जाता है। ट्रस्ट को सेवा सहयोग करने वाले में बलदेव खत्री, राज कुमार सोनी, राम बहादुर कुंवर, लक्ष्मी गुरुंग, पप्पू कुमार, नितिन श्रोत्रीय, प्रकाश रुवाली ,राज राजेश शर्मा, गीता देवी, शालू सिंह, रानी राजपूत, हंसा बैन आदि शामिल रहे।

### बीएचईएल को मिला पुरस्कार

हरिद्वार। राजभाषा कार्यान्वयन एवं हिंदी के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) द्वारा बीएचईएल को सार्वजनिक उपक्रम श्रेणी में वर्ष 2022-23 के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार समिति की 37वीं अर्धवार्षिक बैठक में, समिति के अध्यक्ष एवं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक) शैलेंद्र सिंह ने बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक टीएस मुरली, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) आलोक कुमार एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (राजभाषा) हरीश सिंह बगवार को दिया। साथ ही व्यक्तिगत श्रेणी में प्रभाग के 07 कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया। टीएस मुरली ने नराकास राजभाषा शील्ड प्राप्त करने पर खुशी व्यक्त करते हुए इस उपलब्धि के लिए सभी कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार प्रभाग में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य को दर्शाता है।

### 14 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

बागेश्वर। नशामुक्त बागेश्वर बनाने की मुहिम में पुलिस को एक और सफलता मिली है। एसओजी की टीम ने 14.15 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मंगलवार को उसे न्यायालय में पेशकर अल्मोड़ा जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रह्लाद कोंडे ने मंगलवार को मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कोतवाली के अंतर्गत द्वारसों कपकोट रोड पर सोमवार देर शाम एसओजी और कोतवाली पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्मैक लेकर आ रहा है। पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ललित सिंह भाकुनी उर्फ बल्लू पुत्र देवेंद्र सिंह भाकुनी निवासी द्वारसों के पास से 14.15 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उसके खिलाफ कोतवाली में आईपीएस की धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मंगलवार को उसे न्यायालय में पेश करने के बाद अल्मोड़ा जेल भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि युवक हल्द्वानी से स्मैक लेकर आया था। जहां से उसने स्मैक खरीदी उसके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज होगा। बताया कि पकड़ी गई स्मैक की कीमत करीब 14 लाख रुपये आंकी गई है।

मुंबई में 307 का मुकदमा दर्ज : पुलिस के मुताबिक स्मैक तस्करी में पकड़ा गया आरोपी मुंबई में नौकरी करता था। इस दौरान उसका किसी से विवाद हो गया और उस पर मुंबई में 307 का मुकदमा दर्ज है। वह इन दिनों जमानत पर था। केस लडने के लिए उसने तस्करी का रास्ता अपनाया। पहली बार तस्करी करने में ही वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया और दोबारा से जेल पहुंच गया।

### शहीद दिवस के रूप में मनाई गांधी की पुण्यतिथि

बागेश्वर। जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई। पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में गांधीजी ने जो भूमिका निभाई वह किसी से छिपी नहीं है। अहिंसा के पुजारी ने आंदोलनों को नई दिशा दी और देश को आजाद कराया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, कवि जोशी, रमेश भंडारी, प्रकाश बाछमी, दान सिंह टंगडिया, लोकमणि पाठक, गोपा धपोला, ललित गिरी, सुंदर लाल, दिव्यांशु आदि मौजूद रहे।

# दूरसंचार विभाग की 5G की कार्यशाला IIT रूड़की में सचिव दीपक कुमार गेरुला ने अपने अनुभव साझा किए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क







रुड़की,30 जनवरी। उपरोक्त कार्यक्रम में सचिव उत्तराखंड शासन दीपक कुमार गेरुला ने सर्वप्रथम दूर संचार विभाग भारत सरकार का धन्यबाद प्रकट किया कि संपूर्ण भारत के 100 स्थानों में से उत्तराखंड के 3 स्थानों, IIT Roorkee, THDC इंजीनियरिंग कालेज टिहरी व प्रौद्योगिकी कॉलेज, Pantnagar Vishwavidya, Pantnagar, को 5G लैब प्रदान की गई है. उन्होंने भविष्य में उत्तराखंड में अन्य संस्थानों जैसे उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय( UTU ) आदि में भी एक 5G लैब खोलने हेतु अनुरोध किया.

इसके अतिरिक्त उन्होंने DCC से सदस्य ( तकनीकी ) जो कि भारत सरकार में Ex-Officio सचिव होते हैं को दूर संचार विभाग की समस्त सेवा प्रदाता कंपनियों को जनता की शिकायतें दूर करने हेतु पूर्व की भांति एक केंद्रीयकृत नंबर 198 की तर्ज़ पर खुलवाने हेतु अनुरोध किया. इसके अतिरिक्त उत्तराखंड के लगभग 2500 गाँवों में समय पर 4G tower लगवाने ( इस हेतु उत्तराखंड सरकार द्वारा बीएसएनएल को लगभग 500 जमीनें दे दी गयी हैं ) के साथ साथ भारतनेट के अंतर्गत 65 छूटे हुए विकासखण्डों की लगभग 6000 ग्राम पंचायतों को भी समय से फाइबर से आच्छादित करने हेतु अनुरोध किया.

इसके अतिरिक्त फ्रॉड कॉल/sms एवं फ्रॉड/पॉप-अप वेबसाइट की रोकथाम हेतु भी कोई ठोस उपाय करने हेतु सुझाव दिये.आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत semi-conductor उद्योग को बढ़ावा देने हेतु पूर्व की भांति सदस्य ( उत्पादन ) जैसे पदों का सृजन करवाने का भी सुझाव दिया गया.

साथ ही साथ उत्तराखंड शासन की 'मेरी योजना' E- पुस्तक की तर्ज़ पर दूर संचार विभाग की भी E-Pustak Chapwane का आग्रह किया.

इस दौरान मुख्य अतिथि सदस्य-तकनीकी. दूरसंचार विभाग, गुंजन दवे, महानिदेशक-NTIPRIT, देव कुमार चक्रवर्ती, निदेशक-IITR Dr Pant एवं अपर महानिदेशक- पश्चिमी उत्तर प्रदेश श्रीमती शुभा Bhambani ने भी अपने अपने विचारों से उपस्थित समुदाय को शिक्षित किया.




## संपत्ति कब्जाने के आरोप में मां-बेटों समेत पांच पर केस

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में एक कंपनी की संपत्ति कब्जाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर मां और दो पुत्रों सहित पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, श्रवण कुमार गुप्ता डायरेक्टर स्टर्लिग मेट्रोजिकल प्रा.लि. निवासी विवेक विहार ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शारदा नगर कॉलोनी ज्वालापुर में एक भूखंड है। जहां कंपनी का गोदाम बनाकर सामान रखा हुआ था। बीती 19 अक्तूबर की रात को प्लॉट का मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और गोदाम से लाखों रुपये की मशीन, सामान गायब था। गेट पर ताला लगाकर उस वक्त वहां से चले गए। जब अगले दिन सुबह आए तो कुछ लोगों ने प्लॉट को अपना बताते हुए कहा, यह संपत्ति उन्होंने 30 जून को खरीदी है। आरोप लगाया कि कृष्णा देवी, उसके पुत्र अमरेश कुमार ने साजिश के तहत एक मुख्तारनामा अरविंद के हक में कर कूटरचित दस्तावेज से 26 जून 2023 को सब रजिस्ट्रार हरिद्वार के यहां पंजीकृत कराया।

अमरेश कुमार ने मुख्तारनामा के आधार पर गिफ्ट डीड को युद्धराज सिंह और असीम हुसैन के हक में सब रजिस्ट्रार हरिद्वार के यहां पंजीकृत करा दिया। आरोप है कि 30 जून 2023 का उपहार पत्र कूटरचित कर रजिस्ट्रार दफ्तर हरिद्वार में पंजीकृत कराया है। इसके बाद सभी ने मिलकर 19 अक्तूबर की रात ताला तोडक़र गोदाम का सामान चोरी कर लिया। तीन नवंबर को अपना ताला लगाने पर इन्होंने मारपीट कर दोबारा प्लॉट पर आने पर हत्या कर देने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी कृष्णा देवी, उसके पुत्र अरविंद, अमरेश कुमार निवासीगण पुराना चिलकाना बस स्टैंड थाना मंडी मोहल्ला मातागढ सहारनपुर, युद्धराज सिंह निवासी ग्राम मुण्डाखेडा कलां, अकोढा मुकमर्तपुर लक्सर, असीम हुसैन निवासी मोहल्ला घोसियान ज्वालापुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## चरस तस्करी के अभियुक्तों की जमानत अर्जी ख़ारिज

अल्मोड़ा। अवैध चरस की तस्करी के एक मामले में अभियुक्तों की जमानत अर्जी न्यायालय ने ख़ारिज कर दी है। विशेष सत्र न्यायाधीश श्रीकान्त पाण्डेय के न्यायालय में अभियुक्त भुवन चन्द्र सुयाल निवासी ग्राम नैकाना तल्ला रामगढ जिला नैनीताल एवं अभियुक्त नवल पाण्डे निवासी ग्राम कोकिलबना थाना मुक्तेश्वर जिला नैनीताल द्वारा धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियुक्तगणों ने अपने-अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपनी जमानत हेतु जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत की गई। जिस पर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूरन सिंह कैड़ा द्वारा अभियुक्तगणों की जमानत का घोर विरोध करते हुए न्यायालय को यह बताया कि 15 दिसंबर 2023 को पुलिस कर्मचारियों द्वारा मोतियापाथर से भांगादेवली को जाने वाले तिराहे के समीप चेकिंग के दौरान अभियुक्त भुवन चन्द्र सुयाल से 1 किलो 222 ग्राम व अभियुक्त नवल पाण्डे से 1 किलो 120 ग्राम चरस बरामद हुई। अभियुक्तगणों को उक्त अवैध चरस के साथ पुलिस कर्मचारियों द्वारा पकड़ा गया तथा मौके पर पुलिस कर्मचारियों द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्तगणों को जेल भेजा गया। जिला शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि यदि अभियुक्त गणों को जमानत पर रिहा किया जाता है तो अभियुक्तगण द्वारा जमानत का दुरुपयोग करने व फरार होने का पूर्ण अंदेशा है। जिस पर न्यायालय द्वारा पत्रावली का परिशीलन कर अभियुक्तगणों की जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए खारिज की गई।

## कुमाऊं कमिश्नर ने किया कपिलेश्वर महादेव मंदिर का भ्रमण

अल्मोड़ा। आयुक्त कुमाऊं मण्डल दीपक रावत ने आज तहसील लमगड़ा के गुरेड स्थित प्राचीन कपिलेश्वर महादेव मंदिर का भ्रमण किया। कुमाऊं आयुक्त ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा जनपद एवं राज्य वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। कुमाऊं आयुक्त ने मंदिर के बारे विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। यहां क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी सीएस चौहान ने उन्हें मंदिर के इतिहास एवं विशेषताओं के बारे में अवगत कराया। कुमाऊं आयुक्त ने मंदिर की विशेषताओं की सराहना करते हुए क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी को निर्देश दिए कि इस मंदिर को संरक्षित करने एवं इसको पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु कार्य करें।यहां स्थानीय लोगों ने भी आयुक्त को स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया जिस पर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। यहां उपजिलाधिकारी जैंती/भनोली एनएस नगन्याल, जिला पर्यटन अधिकारी अमित लोहनी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## विद्यालयी शिक्षा के लिए एक राज्य एक पाठ्यक्रम की नीति बनाने की मांग

अल्मोड़ा। राज्य आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री उत्तराखंड को पत्र लिखकर उत्तराखंड में विद्यालयी शिक्षा के लिए एक राज्य एक पाठ्यक्रम की नीति बनाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि राज्य में सरकारी और निजी विद्यालय पृथक-पृथक माध्यमों, पाठ्यक्रमों से शिक्षा देते ही हैं सरकार भी अटल आदर्श विद्यालयों तथा सामान्य विद्यालयों में अलग अलग तरीके से शिक्षा दे रही है। जिसके अनेक सामाजिक, नैतिक विषमता मूलक दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। अनेक विद्यालयों के परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हो रहे हैं तथा राजकीय विद्यालयों में छात्र संख्या घट रही है। सरकार राजकीय विद्यालयों की कमियों को दूर करने के स्थान पर विद्यालयों को बंद करने जैसे जनविरोधी निर्णय ले रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### अल्मोड़ा पुलिस ने 04 घण्टों के भीतर दबोचा बैटरी चोर

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस ने बैटरी चोरी के मामले का एफआईआर पंजीकृत होने के महज चार घंटे में अनावरण किया है। सोमवार को मनोज कुमार बजेठा, परियोजना अधिकारी उरेडा, अल्मोड़ा ने कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर दी कि 27 जनवरी शनिवार को ऑफिसर्स कॉलोनी धारानौला अल्मोड़ा में व्यवस्थापित सोलर स्ट्रीट लाइटों में लगी ऑल्टोमा सोलर की 120 वोल्ट की 04 बैटरियाँ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी की गई है। जिस पर कोतवाली अल्मोड़ा में तत्काल धारा- 379 भादवि के अन्तर्गत एफआईआर पंजीकृत की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अरुण कुमार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा गहन सुरागरसी पतारसी से सूचना संकलन कर घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त सौरभ राज ( 24 वर्ष ) पुत्र नवीन राज, निवासी ग्राम रतखान, पो चौमू, लमगड़ा, अल्मोड़ा को सोमवार को एफआईआर दर्ज होने के 04 घंटों के भीतर वर्मा फर्नीचर, अल्मोड़ा के पास से गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की 03 बैटरियां बरामद की गई। 01 अन्य बैटरी के सम्बन्ध में पूछने पर किसी को देना बताया गया। एफआईआर से सम्बन्धित बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी के उपरांत पंजीकृत एफआईआर में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। यहाँ पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश सिंह परिहार, कांस्टेबल खुशाल राम शामिल रहे।

### कुली बेगार नाटक का मंचन

अल्मोड़ा। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन द्वारा नगर के एक विद्यालय में कुली बेगार नाटक की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य विनीता लखचौरा, त्रिभुवन गिरी, वसुधा पंत, कर्नल रवि पाण्डे, डॉ दुर्गापाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत और लघु नाटिका प्रस्तुत की। कुली बेगार नाटक को दर्शकों द्वारा सराहा गया और दर्शकों द्वारा करतल ध्वनि के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया गया। नाटक मंचन में बद्री दत्त पांडे के पौत्र कर्नल रवि पांडे, कमलेश पांडे, शिवेन्द्र गोस्वामी, हिमांशु कांडपाल, संदीप सिंह नयाल, जगदीश तिवारी, सतीश कुमार साह, राहुल जोशी, गीता दुर्गपाल, दीपा बिष्ट, कमला कार्की, पुष्पा पांडे, राधा तिवारी, हेमा तिवारी, हितेश तिवारी ने अभिनय किया। नाटक कुली बेगार का लेखन त्रिभुवन गिरी द्वारा किया गया है और नाटक का निर्देशन भास्करानंद तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन उत्तराखंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष कमलेश पांडे ने किया। कार्यक्रम में जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शेखर लखचौरा, रीता दुर्गापाल, पुष्पा सती, श्वेता उपाध्याय, कमल लखचौरा, दानिश आलम एवं स्कूल के शिक्षक, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

### सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय और वीपीकेएएस के बीच हुआ एमओयू

अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय एवं विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा के मध्य शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा दिए जाने लिए एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं। विश्वविद्यालय एवं विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा के बीच हवालबाग स्थित विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में आयोजित हुए औद्योगिक सम्मेलन में एमओयू हुआ। इस औद्योगिक सम्मेलन में कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट बतौर अतिथि उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय की तरफ से प्रोफेसर सतपाल सिंह बिष्ट एवं विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा की ओर से निदेशक डॉक्टर डॉ लक्ष्मीकांत ने हस्ताक्षर कर एमओयू को सफल बनाया।

# नेशनल डिफेंस एकेडमी में 198 पदों पर निकली भर्ती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून 31 जनवरी : सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवा ध्यान दें। नेशनल डिफेंस एकेडमी, पुणे ने ग्रुप-सी के पदों को भरने के लिए आवेदन मांगे हैं। नेशनल डिफेंस एकेडमी की ओर से 198 पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। जिसमें एलडीसी के लिए 16 पद, स्टेनोग्राफर के लिए 1 पद, ड्राफ्ट्समैन के लिए 2 पद, सिनेमा प्रोजेक्शनिस्ट के लिए 1 पद, कुक के लिए 14 पद, कंपोजिटर कम प्रिंटर के लिए एक पद, सिविलियन मोटर ड्राइवर के लिए तीन पद, कारपेंटर के लिए दो पद, फायरमैन के लिए दो पद, टीए बेकर और हलवाई के लिए एक पद, टीए साइकिल रिपेयर के लिए दो पद, टीए प्रिंटिंग मशीन ऑपरेटर के लिए एक पद, टीए बूट रिपेयर के लिए एक पद और मल्टीटास्किंग स्टाफ के लिए 151 पद रखे गए हैं। आयु सीमा भी जान लें। एनडीए ग्रुप सी भर्ती के लिए आयु सीमा 18 से 25 वर्ष तक रखी गई है।

जबकि लोअर डिवीजन क्लर्क, स्टेनोग्राफर, ड्राफ्ट्समैन, सिविलियन मोटर ड्राइवर और फायरमैन पद हेतु आयु सीमा 27 वर्ष रखी गई है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की आयु की गणना 16 फरवरी 2024 को आधार मानकर की जाएगी। हालांकि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट भी दी जाएगी। एनडीए ग्रुप सी भर्ती 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन 27 जनवरी 2024 से शुरू हो गए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 16 फरवरी 2024 तक रखी गई है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। साथ ही भर्ती का नोटिफिकेशन भी पढ़ सकते है। भर्ती से जुड़ी जानकारी पाने के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करें, यहाँ आप ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

# पार्ट टाइम जॉब के बहाने महिला से साढ़े पांच लाख की ठगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून 31 जनवरी : अगर आप भी इंटरनेट पर पार्ट टाइम जॉब ढूंढते हैं तो थोड़ा सावधान हो जाइए। प्रदेश में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें साइबर ठगों ने पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर लोगों को लूट लिया। देहरादून में एक महिला से इसी तरह साढ़े पांच लाख रुपये की ठगी हुई है। पीड़ित ने अब पुलिस से मदद मांगी है। पीड़ित गुंजन भाटिया राजपुर इलाके में रहती हैं। सात नवंबर 2023 को उन्हें वाट्सएप पर एक मैसेज प्राप्त हुआ, जिसमें पार्ट नौकरी का जिक्र किया हुआ था।

अज्ञात व्यक्ति ने प्रतिदिन 2500 से 5000 रुपये कमाने का झांसा दिया। उन्हें बताया गया कि मोबाइल एप की रेटिंग करने के लिए उन्हें अच्छी खासी रकम दी जाएगी। ठगों ने उन्हें टेलीग्राम एप में जोड़ दिया। नौकरी शुरू करने के लिए उन्हें एक एप में 10 हजार रुपये निवेश करने को कहा गया, जिसके बदले उन्हें 17 हजार रुपये मिले। इसके बाद आठ नवंबर दोबारा 15 हजार रुपये जमा करने को कहा, जिसके बदले 34 हजार रुपये वापस कर दिए गए। अब तक गुंजन ठगों के मनोरम जाल में फंस गई थीं।

तब ठगों ने उनसे बड़ी रकम लगाने को कहा और एक बार में 40 हजार रुपये, दूसरी बार में एक लाख 24 हजार रुपये देने का लालच देते हुए उनसे पांच लाख 40 हजार रुपये जमा करवा दिए। रुपये तो नहीं आए लेकिन ठग गुंजन से और रुपये लगाने को कहते रहे, पर गुंजन ने ऐसा नहीं किया। इसके बाद ठगों ने गुंजन को टेलीग्राम एप से बाहर कर दिया। इस मामले में राजपुर थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस की जांच जारी है।

# रामनगर : लकड़ी लेने गई महिला को बाघ ने बनाया निवाला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



रामनगर 31 जनवरी : उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बाघ-गुलदार आतंक का सबब बने हुए हैं। कुछ दिन पहले बाघ ने शौच के लिए गए बुजुर्ग को मार दिया था। अब ऐसी ही एक घटना रामनगर में सामने आई है। यहां कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेंज अंतर्गत आने वाले सांवल्दे कसेरूवा नाले के पास बाघ ने एक महिला पर हमला कर दिया। हमले में महिला की मौत हो गई। बाघ महिला को खींचकर जंगल में ले गया था। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

जिसके बाद जंगल में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। टीम ने चार घंटे बाद महिला का शव बरामद किया। मृतक महिला का नाम दुर्गा देवी है। 50 साल की दुर्गा देवी अकेली रहती थी और वह लकड़ी-घास बेचकर अपना भरण-पोषण करती थी। गांव में रहने वाली महिला गंगा देवी ने बताया कि दोपहर 3 बजे वह लकड़ी बीनकर आ रहीं थी। तभी सांवल्दे कसेरवा नाले के पास उनके सामने ही बाघ महिला को उठाकर ले गया। बाघ ने चुकुम गांव में भी एक व्यक्ति को मार दिया था,

अब बाघ के हमले में एक महिला की मौत हुई है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मृतक महिला के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। ये भी कहा कि महिला पर हमला करने वाले बाघ को आदमखोर घोषित करके गोली मारी जाए। मांगें पूरी न होने पर ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उधर घटना के बाद वन अधिकारियों ने ग्रामीणों से जंगल के अंदर न जाने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### एकल निविदा को निरस्त करने की मांग

कोटद्वार। सिंचाई विभाग से जुड़े ठेकेदारों ने राज्य आपदा न्यूनीकरण मद कार्य के लिए जारी एकल निविदा को निरस्त करते हुए चार भागों में निविदा जारी करने की मांग की है। यहां आयोजित ठेकेदारों की बैठक में ठेकेदारों ने कहा कि सिंचाई विभाग अधीक्षण अभियंता कार्यालय श्रीनगर की ओर से राज्य आपदा न्यूनीकरण मद के कार्य एकल निविदा में जारी किए गये हैं। जबकि सिंचाई मंत्री द्वारा 30 सितंबर 2020 को जारी शासनादेश के अंतर्गत किसी भी कार्य की निविदा को चार भागों में जारी करने हेतु विभागों को निर्देशित किया गया है। निविदा के चार भागों में जारी होने से सभी ठेकेदारों को लाभ पहुंच सकता था। लेकिन बाहरी और बड़े ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए एकल निविदा जारी की गई है। जिसका ठेकेदार विरोध करते हैं। यह उनके रोजगार को छीनने की साजिश है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मौके पर निविदा को चार भागों में जारी करने की मांग की गई। बैठक में चंद्रमोहन सिंह, विकी रावत, मोहन सिंह नेगी, सुरेश नैनवाल, अरविंद बंसल, अशोक चौधरी, पवन यादव और अनिल आदि थे।

### पुल निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ न होने पर आंदोलन की चेतावनी

कोटद्वार। नरेंद्र भाई मोदी विचार मंच से जुड़े पूर्व सैनिकों ने आपदा से क्षतिग्रस्त मालन पुल की मरम्मत छह माह बाद भी नहीं होने पर रोष जताया है। इस संबंध में एसडीएम सोहन सिंह सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि एक माह में पुल की मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ तो वे धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में कहा गया है कि विगत जुलाई माह में आई आपदा के दौरान मालन पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद लोनिवि की ओर से बीईएल रोड से होते हुए तल्ला मोटाढांक से वैकल्पिक मार्ग बनाया गया, लेकिन यह मार्ग कच्चा होने के कारण लोगों को आवाजाही करने में दिक्कतें हो रही हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को हो रही है। पुल के अभाव में बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि पुल निर्माण कार्य एक महीने में आरंभ नहीं किया गया तो पूर्व सैनिक धरना प्रदर्शन पर बाध्य होंगे। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में मंच संयोजक गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, अध्यक्ष सीपी डोबरियाल, सुरेश रावत, एस के नौगाईं, सीपी धूलिया, बलवान सिंह रावत आदि शामिल रहे।

### फायर सेफ्टी इन विलेज अभियान की शुरुआत की

हरिद्वार। अग्निशमन विभाग हरिद्वार ने जिले के सभी गांव के लिए फायर सेफ्टी इन विलेज अभियान की शुरुआत की। अभियान के तहत ग्रामीणों को फायर सेफ्टी की अहमियत, अग्नि सुरक्षा का उपयोग और अग्निकांड होने पर किस तरह से उसे बचा जाए, उसमें जोखिम को घटाया जाए आदि के विषय में जानकारी दी गई। मंगलवार को अग्निशमन अधिकारी मायापुर शिशुपाल सिंह नेगी के नेतृत्व में फायर सर्विस यूनिट ने ग्राम गाजीवाली श्यामपुर हरिद्वार में पहुंच कर ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह नेगी के साथ ग्रामवासियों को अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी अभिनव त्यागी ने ग्रामवासियों को सुझाव दिए। ग्रामीणों को फायर फाइटिंग के बेसिक इक्विपमेंट के विषय में प्रशिक्षण दिया और एलपीजी गैस आदि के सुरक्षित प्रयोग के बारे में बताया। साथ ही ग्रामीणों से अन्य ग्रामीणों को जागरूक करने की अपील की। इस मौके पर करीब 300 ग्रामीण उपस्थित रहे।

### टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों का स्वागत

हरिद्वार। नगर निगम प्रशासन ने सेक्टर दो बैरियर से भगत सिंह चौक के चौथे वेंडिंग जोन के लाभार्थी लघु व्यापारियों को वेंडिंग जोन में दुकान उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वेंडिंग जोन की अध्यक्ष नम्रता सरकार, महामंत्री आजम अंसारी, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार ने टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य संजय चोपड़ा, कमल सिंह, मोनू तोमर ,तस्लीम अहमद ,आशा देवी, सुमन गुप्ता, सुनील कुकरेती का स्वागत किया। साथ वेंडिंग जोन के प्रथम लाभार्थी हेमू शर्मा को भी सम्मानित किया गया। लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि चौथे वेंडिंग जोन में प्रथम रूप से 105 रेहड़ी पटरी के स्थानीय कारोबारियों की सूची प्रकाशित की गई है। जिसमें लगभग 35 लघु व्यापारियों की दुकान आंवटित की जा चुकी है। दूसरे चरण में लगभग 20 लाभार्थी बुकिंग करा चुके हैं। इस दौरान भारत सिंह, सभापति सिंह, मुकेश कुमार, अभिनव कुमार, अवधेश कोटियाल, अभिषेक मित्तल, शांति देवी, जय भगवान, रणवीर सिंह, हर्ष अरोड़ा, कपिल सिंह, मनोज कुमार मंडल, पूनम माखन, संगीता चौहान आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### पेयजल निगम, जल संस्थान के एकीकरण को धरना

हरिद्वार। उत्तराखंड जल निगम और उत्तराखंड जल संस्थान के संयुक्त मोर्चे ने जल कल अभियंता उत्तराखंड जल संस्थान में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने मोर्चे की दो सूत्रीय मांग पूरा करने की मांग सरकार से की। मांगें पूरी न होने पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने योजनाबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी। मंगलवार को नगर निगम परिसर में जल कल अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन के दौरान उत्तराखंड जल संस्थान के शाखा सचिव अमित कुमार ने बताया कि धरने के दौरान दो सूत्रीय मांगों पर चर्चा की गई। अधिकारियों की मांग है कि उत्तराखंड जल संस्थान और उत्तराखंड जल निगम का एकीकरण करते हुए राजकीयकरण किया जाए। यूएसएसडीए द्वारा एडीबी के माध्यम कराए जा रहे कार्यों को जल निगम और जल संस्थान को वापस किया जाए और संचालन जल संस्थान को दिया जाए। एडीबी के कार्यों की जांच एसआईटी के माध्यम से कराई जाए। धरने प्रदर्शन के दौरान अधिशासी अभियंता मीनाक्षी मित्तल, सहायक अभियंता राजेश चौहान, गोविंद प्रसाद गैरोला, अशोक हरदयाल, धन सिंह नेगी, प्रवीण सैनी, रघुवीर सिंह. संजय शर्मा, कुलदीप सैनी, भूपेंद्र कुमार, जगत सिंह, नरेंद्र राजपूत, नत्थी सिंह, कुमार गौरव, शलभ मित्तल, अक्षय कुमार, शिव शर्मा, मिनाक्षी आर्या, बैजयंती, आराधना वशिष्ठ, रामसिंह, गगन, हरिओम, आरसी बरमाड़ा, अंजली पड़लिया, प्रशांत कोठारी आदि मौजूद रहे।

### पंजाब नेशनल बैंक ने जीता प्रथम पुरस्कार

हरिद्वार। नराकास राजभाषा वैजयंती योजना के तहत पंजाब नेशनल बैंक को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। अंचल प्रमुख एसएन दूबे ने नराकास राजभाषा वैजयंती (प्रथम पुरस्कार) प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार राजभाषा कार्यान्वयन के उत्कृष्ट निष्पादन को प्रदर्शित करता है। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से आग्रह किया कि राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में वे अपना अमूल्य योगदान देना जारी रखें। पुरस्कार वितरण समारोह में समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने विजेता संस्थानों के प्रमुख एवं प्रतिनिधियों को ये शील्ड प्रदान की। साथ ही छमाही के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक अरुणा ज्योति ने किया।


# इस गंभीर समस्या का शिकार बना सकती है विटामिन-डी की कमी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 31 जनवरी : शरीर के संपूर्ण विकास के लिए पोषक तत्व बेहद जरूरी होते हैं। अलग-अलग तरह के विटामिन्स और मिनरल्स हमारी सेहत के लिए काफी अहम होते हैं। शरीर में किसी भी विटामिन की कमी गंभीर समस्या का कारण बन सकती है। विटामिन-डी ऐसा ही एक जरूरी पोषक तत्व, जो शरीर के बेहतर विकास में अहम भूमिका निभाता है। शरीर में विटामिन-डी की कमी से कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। रिकेट्स ऐसी ही एक गंभीर समस्या है, जो शरीर में विटामिन-डी कमी से होती है। आमतौर यह समस्या बच्चों में देखने मिलती है। तो चलिए जानते हैं क्या है यह बीमारी और इसके लक्षण- रिकेट्स एक ऐसी स्थिति है, जिसमें विटामिन-डी की कमी के कारण हड्डियां नरम और कमजोर हो जाती हैं।

मजबूत हड्डियों के लिए आवश्यक कैल्शियम और फास्फोरस के अब्जॉर्प्शन के लिए विटामिन-डी जरूरी होता है। रिकेट्स बच्चों में सबसे आम है, लेकिन यह वयस्कों में भी हो सकता है। आप इन लक्षणों से रिकेट्स की पहचान कर सकते हैं- हड्डी में दर्द ,मांसपेशियों में कमजोरी, जोड़ों में सूजन, बॉलगेज या नॉक-नी , बढ़ा हुआ सिर ,रीढ़ और पसलियों के फ्रैक्चर और विकृति रिकेट्स से बचाव के लिए बेहद जरूरी है कि आप शरीर में पर्याप्त मात्रा में विटामिन-डी पूर्ति करें। इसके लिए आप भोजन और पूरक आहार का मदद ले सकते हैं। साथ ही धूप की मदद से भी आपके शरीर में विटामिन-डी की कमी को दूर कर सकते हैं। धूप विटामिन-डी का बढ़िया सोर्स माना जाता है। धूप में समय जरूर बिताएं।

सूरज की रोशनी शरीर में विटामिन-डी के उत्पादन में मदद करती है। हालांकि, इसकी किरणों से बचने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करें ,अपनी डाइट में ऐसे फूड आइटम्स जरूर शामिल करें, जो विटामिन-डी से भरपूर हों। विटामिन-डी की पूर्ति के लिए आप फैटी फिश, अंडे की जर्दी और फोर्टिफाइड दूध डाइट में जोड़ सकते हैं। विटामिन-डी सप्लीमेंट लें। अगर आपको खाने या धूप से पर्याप्त विटामिन-डी नहीं मिल रहा है, तो आपको पूरक आहार लेने की जरूरत पड़ सकती है। अगर आपको खुद में या अपने बच्चे में रिकेट्स के लक्षण नजर आएं, तो तुरंत अपने डॉक्टर से मिलें। सही समय पर इसकी पहचान कर इलाज मिलने से गंभीर होने से रोका जा सकता है।




# ठंडी चाय को फिर से गर्म कर के पीना है खतरनाक : रिसर्च

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 31 जनवरी : भारतीय पानी के बाद जिस तरह पदार्थ का सबसे ज्यादा सेवन करते हैं वह है चाय. बड़े-बड़े शहरों से लेकर दूर ऊंची-ऊंची पहाड़ियों तक, हर जगह आपको चाय जरूर मिल जाएगी. सर्दियों के मौसम में चाय का सेवन बढ़ जाता है. कुछ लोग चाय के इतने शौकीन हैं कि वह न दिन देखते हैं न रात, जब उनका दिल करता है वह चाय बिना हिचकिचाहट के पी लेते हैं. अक्सर आपने घरों में ये देखा होगा कि ठंडी चाय को लोग दोबारा गर्म करके पी लेते हैं. लेकिन, ऐसा करना हमारी सेहत के लिए फायदेमंद नहीं है. अगर आप भी ऐसी गलती कर रहे हैं तो इससे आपकी सेहत पर गंभीर असर हो सकता है.

बारिश हो, सर्दी हो, थकान-सिरदर्द या फिर आलस, इन सब का विकल्प चाय है. सर्दियों के मौसम में अमूमन हर परिवार में दो से तीन बार चाय जरूर बनती है. इस दौरान एक बात जो हर घर में देखी जाती है वह यह है कि लोग ठंडी चाय को गर्म करके दोबारा पीते हैं. ऐसा करना हमारे स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होता है. आइए जानते हैं ठंडी चाय को दोबारा गर्म करके पीने से हमारे शरीर को क्या नुकसान होता है.

जब आप चाय को दोबारा गर्म करके पीते हैं तो चाय के सभी गुण और अच्छे यौगिक बाहर निकल जाते हैं. ठंडी चाय को दोबारा गर्म करके पीने पर आपको दस्त, उल्टी ,ऐंठन और पाचन से जुड़ी समस्या हो सकती है.रखी हुई चाय में आ जाते हैं बैक्टीरियाअगर आप एक बार बनाई हुई चाय को काफी देर तक यूं ही रख देते हैं तो इसमें बैक्टीरिया जाते हैं. ऐसे में दोबारा इस चाय को गर्म करके पीना हमारे शरीर के लिए हानिकारक होता है.टैनिन का बाहर निकलनाअगर आप चाय को दोबारा गर्म करके पीते हैं तो इससे टैनिन बाहर निकल जाता है जिसकी वजह से चाय का स्वाद कड़वा हो जाता है. ऐसे में ये आपके मुंह का स्वाद तो खराब करेगी ही साथ ही आपके सेहत को भी नुकसान पहुंचाएगी.


ध्यान रखें ये बात-अगर आपको चाय बनाए हुए केवल 15 मिनट हुए हैं तो तब आप चाय को गर्म करके दोबारा पी सकते हैं. ऐसा तभी करें जब और कोई उपाय न हो -कभी भी खाली पेट चाय न पिए क्योंकि इससे एसिडिटी की समस्या हो सकती है. अगर आपको सुबह चाय पीने की आदत है तो इसके साथ कुछ हल्का-फुल्का जरूर खाएं -कोशिश करें जितनी आवश्यकता है उतनी ही चाय बनाएं



# तेजी से वजन घटाने के लिए कितना चलना है जरूरी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 31 जनवरी : जब भी खुद को फिट रखने और वजन कम रखने की बात आती है तो टहलना उसमें अहम भूमिका निभाता है. लेकिन बहुत से लोग इस बात को गंभीरता से नहीं लेते हैं, उन्हें लगता है कि वॉक से वजन कम नहीं होता है या फिर होता भी है तो बहुत धीरे. तो आपको बता दें कि आपका यह सोचना बिल्कुल गतल है क्योंकि ज्यादातर लोगों को वॉक करने का सही तरीका नहीं पता है जिसके कारण कैलोरी बर्न नहीं कर पाते हैं. ऐसे में आज हम आपको टहलने का सही नियम बताने वाले हैं,



वैसे तो 1.6 किलोमीटर की वॉक से 100 कैलोरी बर्न होती है. लेकिन इसके लिए ब्रिस्क एक्सरसाइज करना होगा. आप कहेंगे ब्रिस्क एक्सरसाइज क्या होती है तो आपको बता दें कि इसमें आपको अपने चलने की रफ्तार को बढ़ाना पड़ता है. इसमें आपकी गति कम से कम 6 किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए. 1 घंटा में अगर आप 6 किलोमीटर ब्रिस्क वॉक करेंगे तो 100 से 130 कैलोरी बर्न होगी

1- आप थोड़ी थोड़ी देर में ऑफिस की सीट छोड़कर पानी लेने, कॉफी पीने के लिए उठिए. इससे आपकी शरीर में अकड़न भी नहीं आएगी और शरीर को आराम भी मिलेगा.2- लिफ्ट और एक्सलेटर की बजाए आप सीढ़ियों का इस्तेमाल करें. ऐसा करके आप अपने पेट पर चर्बी चढ़ने से रोक पाएंगे. इसके अलावा आप गाड़ी की पार्किंग थोड़ी दूरी पर करिए ताकि आपको चलने का मौका ज्यादा से ज्यादा मिले. वहीं, घर का सामान लेने के लिए बाजार गाड़ी के बजाए पैदल जाएं.3- वहीं, वॉक शुरू करने के 5 मिनट बाद तेज वॉक करना शुरू कर दीजिए. इससे शरीर में जमी चर्बी पसीने के रूप में निकल जाएगी.

# गांधी के बताए अहिंसा के मार्ग पर चलें : कांग्रेस

हरिद्वार। महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर महानगर कांग्रेस ने यूनियन भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। महानगर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके दिखाए अहिंसा के मार्ग पर चलें और समाज में हिंसात्मक गतिविधियों के खिलाफ संघर्षरत रहें। कांग्रेस के स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर और पूर्व विधायक रामयश सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी का नैतिक बल इतना था कि उन्होंने हिंसा से मिलने वाली आजादी को ठुकरा दिया। बापू को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि अहिंसा को हम अपने जीवन में धारण कर उसका अनुसरण करें। पूर्व अध्यक्ष ओपी चौहान और वरुण बालियान ने कहा कि राष्ट्रपिता गांधी आजादी के जश्न में शामिल न होकर नोवाखाली में हो रहे दंगों को रोकने के लिए आमरण अनशन पर बैठ गए थे और उनके अनशन का प्रभाव यह हुआ कि दंगाइयों ने हथियार छोड़ दिए। यह गांधी का नैतिक और सैद्धांतिक बल था कि दंगा करने वाले भी शर्मसार हो गए। श्रद्धांजलि सभा में सोम त्यागी, चौधरी करतार सिंह खारी, चौधरी बलजीत सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष विमल शर्मा, कैलाश भट्ट, मनोज जाटव, सीपी सिंह, समर्थ अग्रवाल, करण सिंह राणा, आकाश बिरला, सचिन पालीवाल, हरजीत सिंह, अवधेश कुमार, ओमप्रकाश ग्वाली, आकाश ऋतुराज, अशोक गुप्ता, भुवनेश पाठक आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## हर स्कूल में करें एंटी ड्रग कमेटी की बैठक

चम्पावत। डीएम ने हर हाईस्कूल और इंटर कॉलेज में एंटी ड्रग कमेटी की बैठक करने को कहा है। युवाओं में नशे की बढ़ती लत को देखते हुए उन्होंने जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया।मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम नवनीत पांडेय ने बताया कि जिला मुख्यालय में शीघ्र नशा मुक्ति केंद्र खुलने जा रहा है। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान में मिलने वाले बजट से 25-25 हजार रुपये एसएसबी की दोनों बटालियनों को देने के निर्देश दिए। एसपी अजय गणपति ने बताया कि पिछले वर्ष जिले में 413 नाली जमीन में अवैध भांग की खेती नष्ट की गई। सीईओ ने बताया कि 105 स्कूलों में एंटी ड्रग कमेटी बनाई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीईओ के निरीक्षण में विद्यालय में नहीं मिले शिक्षक

हरिद्वार। मुख्य शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय चंडी घाट से दो शिक्षक गायब मिले। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने दोनों ही शिक्षकों का एक-एक दिन का वेतन रोकते हुए नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। विद्यालय में सफाई की उचित व्यवस्था न पाए जाने पर मुख्य शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी जाहिर की है। मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता ने मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय चंडीघाट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में दो शिक्षक नहीं मिले। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका भी मौके पर नहीं पाई गई।

### विधायक ने किया 38 लाख की विकास कार्यों का उद्घाटन

हरिद्वार। ज्वालापुर विधानसभा के गांव मुकर्रपुर में विधायक रवि बहादुर ने 15 लाख की लागत से कब्रिस्तान बाउंड्री के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। ग्राम रणसूरा में 13 लाख रुपये की लागत से सडक़ निर्माण कार्य ग्रामवासियों के साथ मिलकर शुभारंभ किया। साथ ही ग्राम इब्राहिमपुर में 10 लाख रुपये की लागत से बनी सडक़ का फीता काटकर व नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया गया।

### चौथे वेंडिंग जोन में दुकान उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू

हरिद्वार। नगर निगम प्रशासन ने सेक्टर टू बैरियर से भगत सिंह चौक के स्थानीय लाभार्थी लघु व्यापारियों को वेंडिंग जोन में दुकान उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे उत्साहित होकर वेंडिंग जोन की अध्यक्ष नम्रता सरकार, महामंत्री आजम अंसारी, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार ने टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य संजय चोपड़ा, कमल सिंह, मोनू तोमर, तस्लीम अहमद, आशा देवी, सुमन गुप्ता, सुनील कुकरेती का स्वागत किया। साथ ही, वेंडिंग जोन के प्रथम लाभार्थी हेमू शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

### वैप्कोस व पीएमजीएसवाई के ईई के साथ सोराग के ग्रामीणों की वार्ता विफल

बागेश्वर। पिंडर नदी में पुल निर्माण की मांग को लेकर आंदोलित सोराग के ग्रामीणों का पीएमजीएसवाई व वैप्कोस के ईई के साथ वार्ता विफल हो गई। ग्रामीण जांच टीम गठित करने पर अड़े रहे, जबकि वैप्कोस के अधिकारी ने मार्च तक पुल निर्माण करने का भरोसा दिया। जिलाधिकारी के आने तक ग्रामीणों ने आंदोलन में डटे रहने का निर्णय लिया है। मंगलवार को सोराग के ग्रामीण कलक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान उनकी वार्ता पीएमजीएसवाई व वैप्कोस के ईई से हुई। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2000 में पीएमजीएसवाई ने उगियां से सोराग तक 11 किमी सडक़ स्वीकृत की। 2023 तक सडक़ बनी और डामरीकरण भी हो गया। मोटर मार्ग के बीच में पिंडर नदी में चार करोड़ की लागत से 60 मीटर लंबा मोटर पुल बनना था। पुल के निर्माण के लिए 2021 में निविदा भी हुई। कार्यदायी संस्था वैप्कोस तथा ठेकेदार ने निर्धारित समय पर पुल तैयार करने का बॉड बनाया। विभाग व ठेकेदार की लापरवाही के चलते अभी तक पुल नहीं बन पाया है। कार्यदायी संस्था ने पुल का भुगतान तक कर दिया है। प

# नैनीताल लोकसभा सीट पर टिकट के दावेदारों की लंबी लिस्ट, किसे मिलेगा टिकट

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





नैनीताल 31 जनवरी : लोकसभा चुनाव के लिए बिसात बिछने लगी है। इसी के साथ टिकट के दावेदारों ने खेमेबंदी शुरू कर दी है। हर सीट पर बीजेपी से लेकर कांग्रेस तक में कई बड़े दिग्गज अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर इस वक्त बीजेपी काबिज है। इन सीटों में नैनीताल लोकसभा सीट सबसे हॉट सीट मानी जाती है। वर्तमान में यहां से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट सांसद हैं। बीजेपी की ओर से अजय भट्ट को इस सीट पर सबसे मजबूत प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है।

हालांकि इस सीट पर किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय भी भारतीय जनता पार्टी की तरफ से लोकसभा चुनाव लड़ने की खुलकर दावेदारी जता चुके हैं। उधर, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री व नैनीताल सांसद अजय भट्ट का कहना है कि उन्होंने कभी भी चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं मांगा है। टिकट देना और ना देना पार्टी हाईकमान का काम है। अब कांग्रेस की भी बात कर लेते हैं। कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष और बाजपुर विधायक यशपाल आर्य को सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। यशपाल आर्य को तराई का कद्दावर नेता माना जाता है। वो हल्द्वानी में रहते हैं, लेकिन ऊधमसिंहनगर जिले पर भी उनकी पकड़ है।

आर्य नैनीताल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की खुलकर दावेदारी पेश कर चुके हैं। इसके अलावा राज्य आंदोलनकारी और ऊधमसिंह नगर के शांतिपुर के रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गणेश उपाध्याय भी कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी पेश कर चुके हैं। इस तरह बीजेपी और कांग्रेस के दावेदार खुलकर सामने आ चुके हैं, लेकिन राजनीतिक जानकारों की मानें तो दोनों पार्टियों में सबसे मजबूत दावेदार के तौर पर बीजेपी से अजय भट्ट और कांग्रेस से यशपाल आर्य को देखा जा रहा है। टिकट को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में स्थिति 'एक अनार सौ बीमार' जैसी बनने लगी हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में राष्ट्रीय पार्टियों की परेशानियां बढ़ सकती हैं।

## संपादकीय



## तुलसी को तुलसीदास बनाने वाली विस्मृत

गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस जैसे महान महाकाव्य की रचना करके हर घर में सरल भाषा में राम नाम पहुंचा दिया। गोस्वामी तुलसीदास जी के लिए एक महाकवि ने लिखा : सुरतिय, नरतिय, नागतिय अस चाहती सब कोय, गोद लिए हुलसी फिरें तुलसी सो सुत होय।। अर्थात देवता, मानव आदि सभी वर्णों, जातियों की महिलाएं बड़ी प्रसन्नता के साथ गोद में अपने-अपने बालक को लेकर अर्थात जन्म देने की प्रक्रिया पूरी करते हुए बहुत हुलसित रहती हैं, क्योंकि सबकी यही चाह होती है कि तुलसी जैसा पुत्र हो। यहां हुलसी का अर्थ प्रसन्न भी है और हुलसी तुलसीदास जी की माता का नाम भी है। सभी माताएं तुलसी जैसा पुत्र पाने की अभिलाषा के साथ ही हर्षित होकर गर्भ धारण करतीं, प्रसव पीड़ा सहतीं और योग्य संतान पाकर हर्षित होती। हर मां तुलसीदास जी जैसी संतान पाकर बहुत ज्यादा गौरवान्वित अनुभव करतीं, पर तुलसी तो कई पैदा हुए, लेकिन गोस्वामी तुलसीदास तो एक ही बन सका और वह पूरे विश्व में जहां-जहां भारतीय समाज, सनातनी, हिंदू बसे हैं वहां तक रामचरितमानस घरों की शोभा बन चुका है और दैनिक जीवन में भी रामचरितमानस के दोहे, चौपाइयां गाता, दोहराता है। रघुकुल रीत सदा चला आई, प्राण जाई पर वचन न जाई। यह भारतीय जीवन का आदर्श बन गया, यद्यपि आज राजनीति में वचन का कोई महत्व नहीं रहा, पर राम जी में था, राम राज्य में था। हम भारतीय कृतज्ञ हैं। कृतज्ञता हमारे चरित्र, संस्कृति का स्वभाव है, प्रमुख गुण है, पर आज तक मैं यह नहीं समझ पाई कि जिस रत्नावली जी के कारण तुलसी तुलसीदास बन गए, उस रत्नावली को समाज और देश क्यों भूल गया। सभी जानते हैं कि तुलसीदास जी के माता-पिता ने उसे गंडमूल नक्षत्र में पैदा होने के कारण त्याग दिया था। उसका पालन-पोषण पहले एक धाय द्वारा और बाद में गुरु के आश्रम में हुआ। गुरुजी से विद्या प्राप्त करने के पश्चात तुलसीदास जी ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया और रत्नावली उनकी अर्धांगिनी बनी। रत्नावली एक विदुषी थीं, जिनका जन्म सम्वत 1577 विक्रमी में जनपद कासगंज के सोरों शूकरक्षेत्र अन्तर्वेदी भागीरथी गंगा के पश्चिमी तटस्थ बदरिया (बदरिका/बदरी) नामक गांव में हुआ था। विदुषी रत्नावली के पिता का नाम पंडित दीनबंधु पाठक एवं माता दयावती थीं। विदुषी रत्नावली का पाणिग्रहण सम्वत 1589 विक्रमी में सोरों शूकरक्षेत्र निवासी पंडित आत्माराम शुक्ल के पुत्र पंडित तुलसीदास जी के साथ हुआ। सम्वत 1604 विक्रमी में जब रत्नावली मात्र 27 वर्ष की ही थीं, तब एक बार तुलसीदास जी रत्नावली के मायके ही उसके पास पहुंच गए। आज के युग में यह असाधारण नहीं लगता। निश्चित ही उस युग में इसे उचित नहीं माना जाता होगा। विदुषी रत्नावली ने अपने पति से कहा : लाज न आवत आपको, दौरे आयहु साथ। धिक-धिक ऐसे प्रेम को, कहा कहौं मैं नाथ॥ अस्थि चर्म मय देह मम तामे जैसी प्रीति। तैसी जौ श्री राम महं होति न तौ भवभीति॥ इस घटना से तुलसीदास जी की मानो अंतर्चेतना एक नई चमक से भर गई और उसी समय तुलसीदास घर से वाराणसी पहुंच गए। उन्हें श्री नरहरिदास जैसे महान गुरु मिल गए और लौह पारस संयोग से तुलसी तुलसीदास बने।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## संजय बने आर्किटेक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष

हरिद्वार। एचआरडीए में रजिस्टर्ड और प्रैक्टिस करने वाले आर्किटेक्ट्स ने एसोसिएशन का गठन किया। इसमें संजय सैनी अध्यक्ष, रमेश वर्मा उपाध्यक्ष, मोहित राणा सचिव, नवीन चौहान कोषाध्यक्ष, शोभित अग्रवाल, सिद्धार्थ सिंह चौहान सदस्य और आर्किटेक्ट अमित चौहान संरक्षक बनाए गए। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विवेक विहार कॉलोनी में बैठक कर प्राधिकरण के जटिल नियमों को सरल करने पर चर्चा की। साथ ही आम जनता की समस्याओं एवं नक्शों को पास करने की जटिल प्रक्रिया को सरल करने हेतु प्राधिकरण उपाध्यक्ष अंशुल सिंह से मिलने पर भी आम राय बनाई।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सिर्फ भारत नहीं बल्कि पूरे विश्व के महानायक

विकासनगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिलक भवन में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि देश में शांति और सदभाव के लिए आज भी गांधी दर्शन प्रासंगिक है।

पीसीसी सदस्य संजय जैन ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सिर्फ भारत के नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए एक महानायक हैं। विश्व के कई देशों में महात्मा गांधी की प्रतिमाएं लगी हुई हैं और पूरा विश्व उनको श्रद्धा से नमन करता है। उन्होंने भारत की आजादी की लड़ाई में अहिंसात्मक आंदोलन के स्वरूप में जिस सत्याग्रह को जन्म दिया और पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में बांधकर जिस तरह से इस देश के लिए आजादी को हासिल किया, इसने पूरे विश्व को एक नई राह दिखाई।

कांग्रेस सेवादल के प्रदेश प्रवक्ता भास्कर चुग ने कहा कि भारत में कई सदी के बाद दुनिया के सबसे बड़े क्रांतिकारी ने महात्मा गांधी के रूप में जन्म लिया था। महात्मा गांधी सबसे बड़े क्रन्तिकारी इसलिए थे कि सदियों से राजा महाराजाओं और बादशाहों की गुलामी कर रही भारत की जनता को उन्होंने सत्याग्रह के माध्यम से गुलामी के विरुद्ध लडने को तैयार किया।

चर्चा का संचालन करते हुए जिला प्रवक्ता विकास शर्मा ने कहा कि जिस गोडसेवादी विचारधारा ने गांधी जी की हत्या की, आज वही विचारधारा राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुकी है। यह विचारधारा इस देश के नागरिकों को मानसिक रूप से विभाजित कर एक दूसरे के विरुद्ध कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मासिक किराए में बेतहाशा वृद्धि पर भडक़े व्यापारी

ऋषिकेश। नगर निगम प्रशासन की ओर से निगम की आवंटित दुकानों का मासिक किराया कई गुना बढ़ाए जाने का विरोध थम नहीं रहा है। दुकानदार मासिक किराया एक हजार रुपये करने पर अड़े हुए हैं। मंगलवार को नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महामंत्री प्रतीक कालिया के नेतृत्व में रेलवे रोड के नगर निगम के किरायेदार व्यापारी मुख्य नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी से मिले। दुकानदारों ने नगर निगम की ओर से दुकानों के मासिक किराए में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी को दुकानदारों का उत्पीडऩ करार दिया। कहा कि वर्ष 2019 में नगर निगम की दुकानों का मासिक किराया 200 और 300 रुपये था। इसे बढ़ाकर 3400 रुपये कर दिया है। दुकानदार ने विरोध किया तो 40 प्रतिशत घटाकर इसे 2040 रुपये किया गया। अभी तक पार्ट पेमेंट के रूप में 15,000 और 34,000 रुपये भी जमा कर चुके हैं, बावजूद इसके निगम प्रशासन उन्हें लगातार नोटिस भेज रहा है। दुकानदारों ने एक स्वर में कहा कि उनका मासिक किराया एक हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए। निर्वतमान पार्षद मनीष शर्मा ने इसका समर्थन करते हुए कहा कि 1000 रुपये निर्धारित किराए का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पारित हो चुका है। मुख्य नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि यह मामला शासन स्तर का है। लिहाजा मामले में नगर निगम प्रशासन का निर्णय मान्य नहीं है। उन्होंने मामले में उचित पैरवी करने का आश्वासन दिया। मौके पर सुशील रस्तोगी, राजकुमार सूरी, बुद्ध प्रकाश, संतलाल, राजीव शर्मा, दीप शर्मा, राजकुमार अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

### तनुश्री, जिया नेगी, अश्वनी और अनिरुद्ध ने मारी बाजी

डोईवाला। सिपेट डोईवाला के 22 छात्र-छात्राएं देशभर में डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी में अव्वल रहे हैं। इसको लेकर संस्थान में खुशी की लहर है। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ़ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) के प्रशिक्षण प्रभारी बीके सिंह ने बताया कि प्लास्टिक इंजीनिरिंग में संस्थान के छात्र पूरे देश में अव्वल आ रहे हैं। कहा कि डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी में संस्थान के 22 विद्यार्थी देशभर में शीर्ष पर रहे हैं। इसमें डीपीएमटी में अनिरुद्ध कुमार ने देश में प्रथम, शालिनी ने द्वितीय, अनुराग मेहता ने तृतीय, हर्ष कश्यप ने चौथा, अंकुश मेहता ने छठा स्थान और अमनप्रीत ने आठवां स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ डीपीटी प्रथम सेमेस्टर में नवजीत ने दूसरा, लवेश अफजल ने दसवां, तीसरे सेमेस्टर में डीपीएमटी की छात्रा तनुश्री ने पहला, श्रवण ने दूसरा, साक्षी ने चौथा, लक्षिका ने पांचवा और संजय बहुगुणा ने छठा स्थान प्राप्त किया। डीपीटी तृतीय सेमेस्टर में जिया नेगी ने प्रथम, अभय ने तृतीय, प्रीति दानू ने चतुर्थ, मोहम्मद कामरान ने छठा और आदित्य प्रजापति ने दसवां स्थान प्राप्त किया। डीपीएमटी प्रथम सेमेस्टर में वंश ने दूसरा, डीपीटी प्रथम सेमेस्टर में अश्वनी ने प्रथम, हर्षदीप सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि सिपेट संस्थान विद्यार्थियों को उद्योगों की मांग के लिए तैयार कर रहा है। तीन वर्ष बाद रोजगार भी मुहैया करवाने में मदद की जा रही है।

### कूड़ा निस्तारण में मनमानी पर बिफरे नगर आयुक्त

ऋषिकेश । नगर निगम के कूड़ा डंपिंग ग्राउंड में कचरा निस्तारण में लापरवाही पर नगर आयुक्त भडक़ गए। उन्होंने औचक निरीक्षण में संबंधित एजेंसी को न सिर्फ जमकर लताड़ लगाई, बल्कि नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब देने के लिए कहा है। संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर एजेंसी को कार्रवाई की चेतावनी दी है। मंगलवार को नगर आयुक्त शैलेंद्र सिंह नेगी हरिद्वार रोड स्थित डंपिंग ग्राउंड में कचरा निस्तारण का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्हें मौके पर संबंधित एजेंसी के तीन कर्मचारी तो मिले, लेकिन कूड़ा निस्तारण मशीन बंद मिली। डंपिंग ग्राउंड में कूड़े का विशाल ढेर देख नगर आयुक्त तमतमा गए। उन्होंने कचरा निस्तारण में एजेंसी की लापरवाही पर गुस्सा जाहिर किया। संचालक को फटकार लगाते हुए अतिशीघ्र कचरा निस्तारण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने बताया कि रोल्स इंडिया वेस्ट मैनेजमेंट को कचरा निस्तारण का जिम्मा दिया है। इसी साल मार्च तक एजेंसी को यह कार्य पूरा करना है। सरकारी कार्य में लापरवाही और बेवजह देरी पर कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त रमेश रावत आदि मौजूद रहे।.

### कुष्ठ रोग छूआछूत की बीमारी नहीं

ऋषिकेश। विश्व कुष्ठ दिवस पर हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट में त्वचा रोग विभाग की ओर से जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें अस्पताल की ओपीडी में आने वाले लोगों को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी गयी। मंगलवार को त्वचा रोग विभाग की ओपीडी और रजिस्ट्रेशन काउंटर में आने वाले मरीजों को कुष्ठ रोग से संबंधित प्रश्नों के जवाब दिये गये। एमबीबीएस छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शनी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी और बचाव के बारे में बताया। त्वचा रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि जिंदल ने कहा कि कुष्ठ रोग एक माइक्रोबैक्टीरियम कीटाणु से होता है। इसके शुरुआती लक्षण त्वचा में सफेद और लाल रंग के धब्बे बन जाना, हाथ पैरों में सुन्नपन के साथ कमजोरी महसूस करना है। चिकित्सक डॉ. वाईएस बिष्ट ने कहा कि कुष्ठ रोग का समय पर उपचार करा लिया जाए, तो यह बीमारी पूरी तरह से ठीक हो सकती है। डॉ. समरजीत रॉय ने कहा कि यह एक भ्रांति है, कि कुष्ठ रोग छुआछूत से फैलता है। यह बीमारी छूआछूत की बीमारी नहीं है। मौके पर डॉ. दिक्षिता, डॉ. ऋतु, डॉ. अनुज, डॉ. अर्नव, डॉ. जागृति, डॉ. दर्शना, डॉ. वृंदा, डॉ. साक्षी, डॉ. शोभित, डॉ. ताबीर आदि रहे।

### किसानों के आत्मनिर्भर होने से देश होगा आत्मनिर्भर: जुयाल

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत कृषि, बागवानी गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें किसानों और बागवानों को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के निदेशक विरेंद्र जुयाल ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना होगा। पर्वतीय क्षेत्रों के छोटे, मझौले किसानों की तकदीर से की बागवानी से बदल रही है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश, कश्मीर ने बागवानी से अपनी आर्थिकी बदली है। उत्तराखण्ड में बागवानी की अपार संभावनाएं हैं, बशर्ते उद्यान विभाग, किसान ईमानदारी से योजनाएं धरातल पर उतारें। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार को राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड से अनेकों योजनाएं पर सब्सिडी दी जा रही हैं। सरकार किसानों की आय दो गुनी कर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में वचनबद्ध है। उत्तराखंड के पहाड़ी जनपदों में किसान विकट परिस्थितियों मे भी अच्छी बागवानी कर रहे हैं। गोष्ठी को ?पद्मश्री प्रेम चन्द शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि पहाड के किसान मेहनती होते हैं। लेकिन सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को समान तौर पर मिलना चाहिए। किसानों को उन्नत किस्म के बीज, खाद, दवाईयां, आधुनिक उपकरण विभाग द्वारा मिलने चाहिए, जिससे आधुनिक तकनीक से खेती-बाड़ी की जा सके। गोष्ठी में हिमाचल प्रदेश के रोहडू, नेरवा, चौपाल, शिलाई क्षेत्र के बागवानो ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान एडीओ उद्यान इंदु भूषण कुमोला, बुद्धि सिंह राठौर, वसंत शर्मा, अर्जून देव बिजल्वाण, मूरत राम बिजल्वाण, प्रवीन राणा, यशवंत राणा, बहादुर सिंह राणा, तारा चन्द शर्मा, देवानंद शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, पूरण सिंह, अतर सिंह राणा, हरिमन बिजल्वाण, सुशील, उर्वीदत्त, राजेंद्र सिंह, तुलाराम, श्याम दत्त आदि मौजूद रहे।

# 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला ने अधिकारियों के साथ की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून 31 जनवरी : ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट परिसर में मा० उपाध्यक्ष 20-सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति, उत्तराखंड ज्योति प्रसाद गैरोला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ 20-सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आहूत की गई है। अक्टूबर माह में 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा में जनपद देहरादून के प्रथम आने पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं उनकी टीम को बधाई दी तथा आगे आने वाले समय जहां थोड़ी कमियां है उनमें सुधार किये जाने पर बल दिया। इस अवसर पर 20-सूत्रीय कार्यक्रम की नई वेबसाईट की प्रदर्शित की गई, जिसमें राज्य, जनपद एवं विकासखण्ड स्तर पर विभागवार योजनाओं की प्रगति देखी जा सकेगी।

मा० उपाध्यक्ष 20-सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति, उत्तराखण्ड ने विभागों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सरलीकरण लाया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके तथा माईक्रो स्तर पर योजनाओं की प्रगति को बढाने के प्रयास किये जाएं। उन्होंने सरकार की ध्वजवाहन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही योजनाओं में सफलता की कहानियों के वीडियो/फोटो बनाते हुए प्रदर्शित करने पर बल दिया ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो तथा वे भी योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित हो सकें। उन्होंने कहा कि अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्य तक ही सीमित न रहे, बल्कि योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारें, ताकि योजनान्तर्गत किये गए कार्य प्रासंगिक हों तथा लम्बे समय तक प्रभावी रहे। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आने वाले समय में पानी की सबसे बड़ी चुनौती है, इसके लिए सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से जल स्त्रोत को पुनर्जीवन एवं रिचार्ज रखने हेतु मिलकर कार्य करें।

मा० उपाध्यक्ष 20-सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति, उत्तराखण्ड ने कहा कि अभी तक जिलों की रैंकिंग करते हैं, अब ब्लॉक स्तर की रैंकिंग का सुझाव प्राप्त हुआ है, जिससे प्रदेशभर के विकासखण्डों का डाटा प्राप्त हो सके, जिससे यह भी जानकारी प्राप्त हो सके कि किन विकासखण्डों में योजनाओं का प्रभाव एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में कमी है। ऐसे जगहों पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुधार किया जा सके।

माननीय उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में 20 सूत्रीय कार्यक्रम के संकेतक के अलावा ध्वजवाहक योजनाओं, भारत सरकारी महत्वपूर्ण योजनाओं तथा आकाशीं विकासखण्डों के सम्पूर्ण विकास के लिए बनाए गए 100 संकेतकों का शोध अधिकारी 20 सूत्रीय कार्यक्रम जे.सी चन्दोला ने प्रस्तुतिकरण दिया। सूचना प्रौद्यागिकी विभाग के सहयोग से 20 सूत्रीय कार्यक्रम की नई वेबसाइट तैयार की गई है जिसको प्रदर्शित किया गया। वेबसाइट में योजनाओं की राज्य, जिला एवं विकासखण्डवार प्रगति ऑनलाइन देखी जा सकेंगी। वेबसाइट पर योजनाओं की प्रगति अद्यतन की जा सकेंगी, तथा रिपोर्ट का प्रकाशन भी ऑनलाइन किया जा सकेगा, जिसे राज्य, जिला, विकासखण्डवार ऑनलाइन देखा जा सकेगा। बताया कि उक्त वेबसाइट पर एमआईएस की व्यवस्था की जा रही है। माननीय उपाध्यक्ष ने जनपद में 20 सूत्रीय कार्यक्रम में डी श्रेणी पर आने वाले विभाग पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को प्रदर्शन में सुधार के निर्देश दिए।

बैठक जिलाधिकारी सोनिका एवं मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने माननीय उपाध्यक्ष को योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। अन्त में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि माननीय उपाध्यक्ष 20 सूत्री कार्यक्रम द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करते हुए योजनाओं को प्रगति बढाने तथा सरकार की महत्वकांशी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पंहुचाने हेतु कार्य करें। साथ ही जिन विभागों का प्रदर्शन लक्ष्य के अनुरूप नहीं वे योजनाओं में प्रगति बढाते हुए लक्ष्य फरवरी तक प्रगति बढाएं।

बैठक में निदेशक अर्थ एवं संख्या सुशील कुमार, जिलाधिकारी सोनिका, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकांत गिरी, शोध अधिकारी 20 सूत्रीय कार्यक्रम जे.सी चन्दोला, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को विधायक पुंडीर ने वितरित किए कनेक्शन

विकासनगर। सहसपुर में मंगलवार को लाभार्थी महिलाओं को निशुल्क उज्ज्वला कनेक्शन वितरित किए गए। वितरण समारोह में क्षेत्रीय विधायक सहदेव पुंडीर ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां भी स्थानीय जनता को गिनवाई। वहीं उज्जवला योजना के तहत 100 लाभार्थियों को कनेक्शन वितरित किए।

विधायक पुंडीर ने कहा कि आज़ादी के 100 वर्ष पूरे होने तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विकसित देशों में शामिल करने का लक्ष्य लिया है, लेकिन इसकी शुरूआत अभी से करनी होगी। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए देश के अंतिम व्यक्ति का विकास होना उसके पास रोजगार होना जरूरी है। इसी उद्देश्य के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अंतिम व्यक्ति तक जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया था। उन्होंने कहा कि, जी-20 सम्मेलन में दुनिया भर को पहाड़ी कोदा-झंगोरा खाने में परोसा गया, इससे हमारे पहाड़ी जैविक खाने को पूरी दुनिया में पहचान मिली है, इसका सीधा प्रभाव हमारे किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। कोदा-झंगोरा समेत मोटे अनाज की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। हमारे इस पारंपरिक अनाज को अगली पीढ़ी तक ले जाना हमारी जिम्मेदारी है। विधायक ने कहा कि, किसानों की आय बढ़ाने के लिए आने वाले समय में देश में आधुनिक तकनीकि से खेती पर जोर दिया जा रहा है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मीता सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरू देवी भी मौजूद रहे।

## सडक़ नियम जो छोड़ेगा दुनिया से नाता वो तोड़ेगा

विकासनगर। परिवहन विभाग की ओर से सडक़ सुरक्षा जागरूकता माह के तहत मंगलवार को शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल ढालीपुर में छात्रों को परिवहन नियमों की जानकारी दी गई। इसके पूर्व शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने प्रभातफेरी निकाली। विद्यालय परिसर से शुरू हुई प्रभातफेरी के माध्यम से सडक़ सुरक्षा के नियमों और उल्लंघन से संबंधित अपराध और दंड की जानकारी आम नागरिकों को दी गई। इस दौरान सडक़ नियम को जो छोड़ेगा, एक दिन दुनियां से नाता तोड़ेगा, सडक़ नियमों का करो सम्मान, न ही दुर्घटना न परेशान। हार्न, घंटी पड़े सुनाई, तभी जरा रूक जाना भाई, मत करो मोटर से मस्ती, जिन्दगी नहीं है इतनी सस्ती समेत अन्य स्लोगन की आवाज को बुलंद कर सडक़ के नियमों की जानकारी देते हुए अपने जीवन में सचेत रहने के लिए आमजनों को जागरूक किया। प्रभातफेरी वापस विद्यालय पहुंचने पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। वहीं परिचर्चा के दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी आरएस कटारिया ने सडक़ पर चलने, वाहन चालने की गति सीमा को नियंत्रित रखने व विभिन्न अपराधों के भिन्न भिन्न दंड के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया। उसके उपरांत सडक़ सुरक्षा पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## राष्ट्रपिता को किया याद

कोटद्वार। गढ़वाल सर्वोदय मंडल की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस को सद्भावना संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर तहसील प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। और सर्वधर्म प्रार्थना एवं उनके प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए...का वाचन किया गया।

इस अवसर पर वयोवृद्धा गांधीवादी सर्वोदय सेविका शशिप्रभा रावत ने कहा कि आज सद्भावना की सर्वाधिक आवश्यकता है। सर्वोदय की मान्यता है कि वह समाज में जाति, पंथ,सम्प्रदाय, वर्ण, लिंग, रंग,भाषा और देश आदि के कारण उत्पन्न होने वाले भेद-भाव को स्वीकार नहीं करेगा।

## शोध और नवाचार पर ध्यान देने की आवश्यकता : प्रो. अवस्थी

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के अनुसंधान और परामर्श (आरएंडसी) अनुभाग में अनुसंधान प्रस्ताव लेखन पर पांच दिन की कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला का शुभारंभ एनआईटी के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी और आईआईटी कानपुर मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डॉ. अविनाश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। प्रो. अवस्थी ने कहा कि आजादी का शताब्दी वर्ष मानने के लिए भारत ने 2047 तक विकसित भारत निर्माण का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। एनआईटी जैसे उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय और स्थानीय विकास की दिशा और दशा बदलने की क्षमता है। इसके लिए विकसित राष्ट्रों की तरह हमें भी शोध, नवाचार और निर्माण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि शोधार्थियों के लिए यह कार्यशाला उनकी शोध यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी।

## गढ़वाल विवि और आईआईटी रूडक़ी के बीच एमओयू साइन

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय और आईआईटी रुडक़ी ने अकादमिक और शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। आईआईटी के निदेशक प्रो. केके पंत, स्पोंसर्ड रिसर्च एंड इंडसट्रियल कंसल्टेंसी के डीन प्रो. अक्षय द्विवेदी और गढ़वाल विवि के आरडीसी के निदेशक हेमवती नंदन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। संस्थानों की ओर से बताया गया कि हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का मूल उद्देश्य शैक्षणिक परियोजनाओं, अनुसंधान और तकनीकि के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना है।

एमओयू में अतिथि व्याख्यानों के आदान-प्रदान और शोध के तकनीकि सहयोग पर जोर दिया गया है।

## संक्षप्ति खबरें

### पिथौरागढ़ के लिए देहरादून से हवाई सेवा शुरू

रानीपोखरी । देहरादून से पिथौरागढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू हो गई है। यहां फ्लाइ बिग का 19 सीटर विमान सप्ताह में तीन दिन सेवाएं देगा। मंगलवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट से पिथौरागढ़ नैनी सैनी के लिए फ्लाई बिग की हवाई सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। इसके बाद वह फ्लाई बिग के 19 सीटर विमान से पिथौरागढ़ पहुंचे। यहां भी उन्होंने हरी झंडी दिखाकर सेवा का शुभारंभ किया। यह हवाई सेवा सप्ताह में 3 दिन सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार को चलेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप आज बहुप्रतीक्षित पिथौरागढ़-देहरादून हवाई सेवा का शुभारंभ हो चुका है। इस हवाई सेवा के शुरू होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इसके माध्यम से सीमांत क्षेत्र का पर्यटन भी और अधिक विस्तारित होगा, इससे स्थानीय लोगों की आजीविका में वृद्धि होगी। उन्होंने इस हेली सेवा के शुभारंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिराज सिंधिया का आभार जताया। इस मौके पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर ईवीपी राजीव शर्मा, एयरपोर्ट डायरेक्टर प्रभाकर मिश्रा, मोहित आदि मौजूद रहे।

### पुल निर्माण शुरु नहीं होने से फूटा पश्चिमीवाला के बाशिंदों गुस्सा

विकासनगर। पश्चिमीवाला की तीन हजार की आबादी को विकासनगर से जोडऩे वाले पुल का करीब पांच माह बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। आवाजाही को लेकर आ रही परेशानी से गुस्साए स्थानीय महिलाओं ने मंगलवार को डाकपत्थर तिराहे पर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जल्द पुल निर्माण शुरू करने की मांग की। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि पश्चिमीवाला में बरसाती खाले पर पुल को वर्ष 1987 में तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग की ओर से बनवाया गया था। पुल को बने हुए तीन दशक ही हुए थे, ऐसे में अभी पुल मजबूत था, बावजूद इसके सरकार ने छह माह पूर्व इसे ध्वस्त करा दिया। पुल नहीं होने से ग्रामीणों को हर दिन परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए चार किमी की अतिरिक्त दूरी नापनी पड़ रही है। खाले पर सुरक्षात्मक कार्य नहीं होने से अक्सर दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। कहा कि सोमवार रात को लांघा रोड की ओर से आ रहा बाइक सवार एक युवक खाले में गिर गया, जिससे युवक को गंभीर चोटें आई हैं। कई बार सुबह शाम की सैर को निकले बुजुर्ग भी खाले में गिर चुके हैं। पुल निर्माण कार्य शुरु करने के लिए कई बार स्थानीय प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगाई जा चुकी है, बावजूद इसके पांच माह पूर्व पुल ध्वस्त करने के बाद नए पुल के निर्माण को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। पुल नहीं होने से स्थानीय व्यापारियों का व्यापार भी ठप पड़ गया है। लोगों को निर्माण सामग्री समेत अन्य सामान लाने के लिए तीन गुना अधिक भाड़ा चुकाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि किसी व्यक्ति के बीमार पडऩे पर उसे आधा किमी की दूरी पर मौजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक जाने के लिए करीब चार किमी की अतिरिक्त दूरी नापनी पड़ती है। प्रदर्शन करने वालों में मोहिनी ठाकुर, माला, सविता चौहान, संदीप थापा, मालती देवी, रमेश सिंह राणा, पार्वती देवी, प्रमिला ठाकुर, नमिता नेगी आदि शामिल रहे।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवंती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में आइसा छात्र संगठन द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर डीन फैकल्टी बिड़ला परिसर में गाँधी के जीवन पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रदर्शनी में गांधी जी के जीवन के विभिन्न संघर्षों व उनके विचारों को दर्शाया गया। आइसा की नगर अध्यक्ष प्रियंका खत्री ने कहा कि वर्तमान दौर में युवाओं को गाँधीजी के विचारों पर चलने की जरूरत है वहीं देश में एक तरफ साम्प्रदायिकता चरम पर है। इसीलिए हमें सामाजिक सदभावना को बढ़ाने की जरूरत है।